# लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 170वीं बैठक दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 का कार्यवृत्त

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की **170वीं बैठक, बोर्ड अध्यक्ष श्री रंजन कुमार, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुएः–

**उपस्थितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | **श्री अभिषेक प्रकाश** | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 02. | **श्री अनिल कुमार सिंह** | संयुक्त आवास आयुक्त, प्रतिनिधि–आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। |
| 03. | **श्री के0पी0 सिंह** | अपर जिलाधिकारी (नगर), प्रतिनिधि–जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 04. | **श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा** | अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रतिनिधि–सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 05. | **श्री अमित कुमार** | अपर नगर आयुक्त, प्रतिनिधि–नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ। |
| 06. | **सुश्री रेखा श्रीवास्तव** | सहायक आयुक्त, उद्योग, प्रतिनिधि–संयुक्त आयुक्त, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ। |
| 07. | **श्री विशाल भारती** | सहयुक्त नियोजक प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग। |
| 08. | **श्री सौरभ श्रीवास्तव** | परियोजना प्रबन्धक, प्रतिनिधि–प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम। |
| 09. | **श्री गय्यूर अहमद** | परियोजना अधिकारी, प्रतिनिधि–महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0। |
| 10. | **श्री पी0एन0 सिंह** | सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ। |
| 11. | **श्री प्रदीप भार्गव** | सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ। |
| 12. | **श्री पुष्कर शुक्ला** | सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ। |

**अन्य उपस्थितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| 13. | **श्री पवन कुमार गंगवार** | सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 14. | **श्री अनिल भट्नागर** | अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 15. | **श्री राजीव कुमार सिंह** | वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 16. | **श्री इन्दु शेखर सिंह** | मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 17. | **श्री आर0जी0 सिंह** | मुख्य नगर नियोजक, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 18. | **श्रीमती ऋतु सुहास** | संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 19. | **श्री डी0एम0 कटियार** | मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 20. | **श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह** | विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 21. | **श्री अवधेश तिवारी** | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |

सर्वप्रथम् उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड/आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ का औपचारिक स्वागत किया गया और तदुपरान्त बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बोर्ड बैठक की विषय सूची में सम्मिलित विभिन्न विषयों/मदों पर निम्नवत् निर्णय लिया गयाः–

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 170/1 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 15.09.2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। | प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य द्वारा कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं करायी गयी है। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है। |
| 170/2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 15.09.2020 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया एवं कतिपय विषयों पर निम्नांकित निर्देश दिये गयेः–<br>• बसंतकुंज हरदोई रोड योजना के अवशेष प्रतिकर के भुगतान के सम्बन्ध में पूर्व में दी गई प्रतिकर धनराशि के सापेक्ष उपभोग प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने हेतु पुनः पत्र प्रेषित किये जाने व |

| | | |
|---|---|---|
| | | अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) से समन्वय किये जाने के निर्देश दिये गये।<br>• सहारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप के निरस्तीकरण उपरान्त आच्छादित समस्त भूमि लैण्ड पूलिंग के माध्यम से लिये जाने की कार्यवाही में अपेक्षित गति लाये जाने के निर्देश दिये गये। ताकि शीघ्र लैण्ड पूलिंग की कार्यवाही पूर्ण की जा सके। साथ ही मे0 सहारा द्वारा उक्त योजनान्तर्गत पूर्व में क्रय की गई भूमि को भी प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत किये जाने के निर्देश दिये गये।<br>• जनपथ (हजरतगंज) स्थित दुकान/गोदाम संख्या –04 (बेसमेन्ट) के मद में वांछित/अवशेष धनराशि जमा कराये जाने के सम्बन्ध में पुनः सुसंगत मानकों/नियमों के अन्तर्गत गणना किये जाने के निर्देश दिये गये।<br>• गोमती नगर योजना के विक्रान्त खण्ड स्थित बस अड्डा एवं बजट होटल के निर्माण एवं विकास कार्य में 10% से अधिक विचलन (Deviation) के कारणों के सम्बन्ध में एक सप्ताह में कार्यवाही पूर्ण करने के साथ–साथ आगामी बोर्ड बैठक में वांछित विवरण सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| 170/3 | भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ द्वारा ग्राम–सरसवां, सरोजनी नगर, लखनऊ की सामुदायिक भवन हेतु खतौनी संख्या–1077, 1078, 1079, 1080, 1081 कुल 4.0270 हे0 भूमि के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ की ग्राम–सरसवां, सरोजनी नगर, लखनऊ स्थित भूमि खसरा संख्या–1077, 1078, 1079, 1080, 1081 कुल 4.0270 हे0 का भू–उपयोग ''पर्यावरण पार्क (मनोरंजनात्मक)'' से ''सामुदायिक भवन (सुविधाएं)'' में परिवर्तन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 170/4 | भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ द्वारा ग्राम–सरसवां, सरोजनी नगर, लखनऊ की विद्यालय हेतु खतौनी संख्या–1062, 1063, 1065, 1026, 1103ख कुल 4.5150 हे0 भूमि के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ की ग्राम–सरसवां, सरोजनी नगर, लखनऊ स्थित भूमि खसरा संख्या–1062, 1063, 1065, 1026, 1103ख का भू–उपयोग ''पर्यावरण पार्क (मनोरंजनात्मक)'' से ''विद्यालय (सुविधाएं)'' में परिवर्तन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 170/5 | गोमती नगर योजना के विनम्र खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल 1674.38 वर्गमी0) का भू–उपयोग ओपेन स्थल से विद्युत सब–स्टेशन तथा विशेष खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल–764.00 वर्गमी0) का भू–उपयोग योजना के तलपट मानचित्र में बस–वे से विद्युत सब–स्टेशन में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा गोमती नगर योजना के विनम्र खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल 1674.38 वर्गमी0) का भू–उपयोग ''ओपेन स्थल'' से ''विद्युत सब–स्टेशन'' तथा विशेष खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल–764.00 वर्गमी0) का भू–उपयोग योजना के तलपट मानचित्र में ''बस–वे'' से ''विद्युत सब–स्टेशन'' में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |

प्रगंगवार

| | | |
|---|---|---|
| 170/6 | लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय भूखण्डों का निस्तारण ई–ऑक्शन के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय भूखण्डों का निस्तारण ई–ऑक्शन के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पुर्नपरीक्षण हेतु स्थगित किया गया। |
| 170/7 | ऐशबाग इण्डस्ट्रियल एरिया योजना के भूखण्ड संख्या–68/1 पर प्रस्तावित रैन बसेरा का निर्माण कर भूमि का मूल्य नगर निगम, लखनऊ/उ0प्र0 शासन से प्राप्त कर निर्माण के पश्चात् रख–रखाव व आवर्ती व्यय हेतु नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में। | ऐशबाग इण्डस्ट्रियल एरिया योजना के भूखण्ड संख्या–68/1 पर प्रस्तावित रैन बसेरा निर्माण के सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नगर निगम के स्वामित्व वाली दुर्गापुरी मेट्रो (पूर्व में स्थापित चुंगी) के पास स्थित भूमि रैन बसेरा निर्माण हेतु उपयोग की जा सकती है, जिसमें बेहतर सुविधायुक्त स्टेट ऑफ मॉडल मल्टीस्टोरी रैन बसेरा का निर्माण किया जा सकता है। सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा रैन बसेरा निर्माण हेतु उक्त भूमि के उपयोग हेतु सर्वे/परीक्षण कर अग्रेतर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। |
| 170/8 | लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न पार्किंग स्टैण्डों का स्वामित्व यथावत् रखते हुए पार्किंग स्टैण्डों के संचालन एवं रख–रखाव हेतु नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न पार्किंग स्टैण्डों का स्वामित्व यथावत् रखते हुए पार्किंग स्टैण्डों को संचालन एवं रख–रखाव हेतु नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि प्रस्तावित 15 पार्किंग में से पार्कों के पार्किंग स्थलों को छोड़कर मल्टी लेवल पार्किंग हजरतगंज, सरोजनी नायडू पार्क भूमिगत पार्किंग, चन्दर नगर आलमबाग भूमिगत पार्किंग, भूतनाथ मार्केट भूमिगत पार्किंग, गोल मार्केट महानगर स्थित भूमिगत पार्किंग, महानगर स्थित फातिमा हॉस्पिटल के सामने की पार्किंग नगर निगम को हस्तान्तरित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>हस्तांतरित करने के उपरान्त उक्त पार्किंग स्टैण्डों के सम्बन्धित समस्त करों की देयता, बिजली बिल, अनुरक्षण, रख–रखाव, फायर फाईटिंग सिस्टम, गृहकर तथा अन्य व्यय की देयता का वहन नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा। |
| | **अनुपूरक विषय** | |
| अनु0वि0 170/1 | **जनपद लखनऊ के लाजपत नगर कालोनी के निकट कोनेश्वर चौराहा, चौक पर स्थित फायर स्टेशन से लगी हुई नजूल की भूमि (खसरा संख्या–01 (भाग) मोहल्ला–किला मच्छी भवन स्थित नजूल भूखण्ड संख्या–39 (भाग) क्षेत्रफल 2275.39 वर्गमी0) पर मल्टी–लेवल पार्किंग व अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का निर्माण कराये जाने हेतु उक्त नजूल भूमि गृह विभाग, उ0प्र0 शासन से वापस लेकर लखनऊ** | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा जनपद लखनऊ के लाजपत नगर कालोनी के निकट कोनेश्वर चौराहा, चौक पर स्थित फायर स्टेशन से लगी हुई नजूल की भूमि (खसरा संख्या–01 (भाग) मोहल्ला–किला मच्छी भवन स्थित नजूल भूखण्ड संख्या–39 (भाग) क्षेत्रफल 2275.39 वर्गमी0) पर मल्टीलेवल पार्किंग व अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का निर्माण कराये जाने हेतु उक्त नजूल भूमि गृह विभाग, उ0प्र0 शासन से वापस लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित करते |

| | | |
|---|---|---|
| | विकास प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में। | हुए शासन को संदर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| अनु0वि0 170/2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत 02 संविदा वाहन चालक (श्री राम निवास मौर्या एवं श्री सुनील यादव) को नियमित वेतनमान एवं उस पर समय –समय पर देय मंहगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता, ग्रेड–पे, भवन किराया भत्ता एवं एन0पी0ए0 भत्ता दिये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत 02 संविदा वाहन चालकों (श्री राम निवास मौर्या एवं श्री सुनील यादव) को अन्य 16 मृतक आश्रित संविदा कार्मिकों की भांति नियमित वेतनमान व अन्य भत्ते दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त की गयी।

**(पवन कुमार गंगवार)**
सचिव, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

**(अभिषेक प्रकाश)**
उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

**<u>अनुमोदित</u>**

**(रंजन कुमार)**
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।